

## नि :शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर कल

**बड़वानी।** जिला अस्पताल और लायंस क्लब बड़वानी सिटी के तत्वावधान में 30 जनवरी नि:शुल्क मोतियाबिंद के मरीजों के लिए जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। कमलेश शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। मरीज आधार कार्ड लेकर आए। लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को शिविर वाले दिन नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम, राम जाट, केटी मंडलोई, हरीश शर्मा, कमलेश शर्मा, महेश जोशी ने अपिल की है कि अधिक से अधिक नेत्र मरीज शिविर का उठाए।

## खेतों व शमशान जाने के लिए मार्ग की समस्या



**पानसेमल।** क्षेत्र में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 30 करोड़ की लागत से एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल का निर्माण कराया जा रहा है। अक्टूबर माह से कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसे राजस्थान की कंट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान मतराला के ख्यडा फलिया आने जाने के लिए उपयोग किए जा रहे पुराने मार्ग को बंद कर मार्ग को डायवर्ट किया गया है। ग्रामीणों की मांग है कि मार्ग अधिक खराब होने से उस मार्ग का उपयोग करने में समस्या हो रही है। उन्हें सरल और करीब 30 फीट का मार्ग चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि किसी की मृत्यु होने के बाद शमशान जाने में अधिक दूरी तय करना पड़ता है। हालांकि इस विषय को लेकर उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को आवेदन देने की जानकारी भी दी है। समस्या का निराकरण करने के लिए नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे, नायब तहसीलदार प्रज्ञा पाटीदार मौके पर पहुंचे और पटवारियों से चर्चा कर नक्शे का अवलोकन किया।

## महाराष्ट्रीयन समाज की बैठक



**निवाली।** नगर में शिवाजी जयंती को लेकर महाराष्ट्रीयन समाज की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें महाराष्ट्रीयन समाज के अध्यक्ष गणेश शितोले ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 19 फरवरी को महाराष्ट्रीन समाज द्वारा धूमधाम से महाराष्ट्रीयन वेश भूषा धारण कर घोड़े पर शिवाजी को बैठाकर भ्रमण कराया जाएगा। शिवाजी जयंती को लेकर समाजजनों ने निर्णय लिया कि अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर समाजजन शिवाजी चल समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष गणेश शितोले, उपाध्यक्ष आनंद निकवाडे, मोहन निकुम, दिगम्बर मंडे, रूपचंद दादा, प्रभाकर सेंदने, पुरुषोत्तम वर्षाले, जितेंद्र मंडे, गणेश साबले, सुरेश शिंदे आदि उपस्थित थे।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया ईजी

इंदौर. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने उन्नत मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म, उज्जीवन ईज़ी (ईएज़वाई) लॉन्च करने की घोषणा की. यह बैंक की डिजिटल प्रक्रिया को प्राथमिकता देने की रणनीति को मज़बूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है. उज्जीवन के ईज़ी को खुदरा ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो मोबाइल और वेब चैनलों पर एकीकृत, सुरक्षित और सहज बैंकिंग का अनुभव प्रदान करता है. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रणनीति और परिवर्तन (स्ट्रेटेजी और ट्रांसफॉर्मेशन) प्रमुख दीपक अग्रवाल ने कहा ईजी का लॉन्च एकल डिजिटल चैनलों से एकीकृत डिजिटल परितंत्र की ओर अग्रसर होने के हमारे प्रयास को रेखांकित करता है. यह प्लेटफॉर्म तेज़ नवाचार, ग्राहक सहभागिता और वहनीय कारोबार के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करता है.

## बंधन बैंक ने मासिक एवरेज बैलेंस घटाया

इंदौर. भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बंधन बैंक ने स्टैंडर्ड सेविंग्स अकाउंट के लिए मासिक औसत शेष (एमएबी) की आवश्यकता में महत्वपूर्ण संशोधन की घोषणा की है, जबकि खाते की सभी सुविधाएँ और लाभ पहले की तरह ही रहेंगे. स्टैंडर्ड सेविंग्स अकाउंट के लिए एमएबी की आवश्यकता को 5,000 रुपए से घटाकर 2,000 रुपए किया जा रहा है, जो 1 फरवरी, 2026 से प्रभावी होगी. बैंक के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा गणतंत्र दिवस समानता और सशक्तिकरण का उत्सव है. बंधन बैंक में हम मानते हैं कि वित्तीय समावेशन इस दृष्टि का मूल आधार है. एमएबी की आवश्यकता कम करके हम बैंकिंग को अधिक सुलभ बना रहे हैं और ग्राहकों को बिना किसी बाधा के बचत करने व आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं.

## ब्रिजस्टोन ने पंजाबी स्टार परमिश से मिलाया हाथ

इंदौर. ब्रिजस्टोन इंडिया ने पंजाब के लोकप्रिय गायक, अभिनेता एवं यूथ आइकॉन परमिश वर्मा के साथ साझेदारी का एलान किया है. कार को लेकर अपनी दीवानगी के लिए मशहूर परमिश की सुरक्षित मोबिलिटी और ड्राइविंग को लेकर व्यक्तिगत रुचि ने उन्हें ब्रिजस्टोन का स्वाभाविक सहयोगी बनाया है। इस साझेदारी के तहत परमिश वर्मा कुछ खास कैंपेन के लिए म्यूजिक पर आधारित कहानियां और सोशल मीडिया कंटेंट डेवलप करेंगे. ब्रिजस्टोन इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव शर्मा ने कहा, उत्तर भारत हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार है. परमिश वर्मा की विश्वसनीयता और श्रोताओं के साथ गहरा जुड़ाव उन्हें ब्रिजस्टोन को रिप्रजेंट करने के लिए आदर्श साथी बनाता है. इस साझेदारी से हमें नए, प्रेरणादायक और भरोसेमंद अनुभव चाहने वाले युवाओं के साथ सार्थक तरीके से जुड़ने में मदद मिलेगी. परमिश वर्मा ने कहा मुझे एक ऐसी कंपनी के साथ जुड़ने का गर्व है, जो गुणवत्ता को महत्वदेती है और ग्राहकों को सबसे आगे रखती है.

## जोनाथन क्रिस्टी ने लोह कीन यू को हराया


इंदौर. इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ने बेहतरीन रणनीति और अहम मौकों पर धैर्य का परिचय देते हुए सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को पुरुष एकल सेमीफाइनल में पराजित किया, जबकि विश्व नंबर एक एन से यंग ने महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झी यी से भिड़ंत तय की. यह मुकाबले योनेक्स -सनराइज इंडिया ओपन 2026 जो की एक एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट है और जो भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है, में शनिवार को खेले गए. मैच के बाद क्रिस्टी ने कहा दूसरे गेम में जब लोह वापसी करने लगे थे, तब मैंने खुद को संयमित रखा, खेल के अनुसार खुद को ढाला और जीत हासिल की.

## क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन की हार, भारतीय चुनौती समाप्त

इंदौर. भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के लिन चुन-यी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक क्षणों में पिछड़ते हुए तीन गेम के मुकाबले में हार गए. इसके साथ ही शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किंजा रही योनैक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई. यह टूर्नामेंट बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड सुपर 750 इवेंट है. मैच के बाद लक्ष्य सेन ने कहा, यह बेहद करीबी मुकाबला था. तीसरा गेम दबाव भरा था. आज परिस्थितियों के हिसाब से वह बेहतर खेले. आज हवा का असर ज्यादा था, जिसके लिए मैं तैयार नहीं था. कल इतनी हवा नहीं थी और उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार बेहतर ढंग से खुद को ढाल लिया.

# परीक्षा पैटर्न में किया बदलाव

### दसवीं बारहवीं में पूछे जाएंगे 40 फीसदी वस्तुनिष्ठ प्रश्न



**बड़वानी, (नवभारत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पैटर्न में बदलाव किया है। नए परीक्षा पैटर्न का ब्लू प्रिंट माशिमं की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया है। बच्चे अभी से इसके अनुसार तैयारी शुरू कर सकते हैं। नए पैटर्न में 10वीं व 12वीं कक्षाओं के प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ प्रश्न करीब 40 फीसदी अंकों के पूछे जाएंगे। अभी तक माशिमं 25 फीसदी अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते थे। नए पैटर्न के बदलाव की जानकारी माशिमं ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्राचार्यों को ऑनलाइन बैठक में दी।बताया कि मंडल के प्रश्न पत्र में 40 फीसदी अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाने से विद्यार्थियों को लंबे-लंबे उत्तर लिखने से मुक्ति मिल जाएगी। 10वीं की परीक्षा में दो विषय में सप्लीमेंट्री दी जाती है।

अब 40 फीसदी अंकों के प्रश्न सिर्फ आब्जेक्टिव होंगे। इन सब बदलाव से विद्यार्थी आसानी से पास हो सकेंगे। माशिमं की परीक्षा में 33 फीसदी पासिंग अंक है।ऐसा रहेगा नया पैटर्न हाईस्कूल एवं हासे में मूल्यांकन 80 अंक सैद्धांतिक एवं 20 अंक प्रायोजिक के लिए रहेंगे। हासे में मूल्यांकन प्रायोगिक विषयों में 70 अंक सैद्धांतिक एवं 30 अंक प्रायोगिक के लिए रहेंगे।

हाईस्कूल एवं हासे के सभी विषयों के सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में 40 फीसदी वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 फीसदी विषय आधारित प्रश्न एवं 20 फीसदी विशेषणात्मक प्रश्न होंगे। पुराना व्यावसायिक, एनएसक्यूएफ एवं डीएलएड में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

**बैठक में दी जानकारी**

- अधिकारियों और प्रचार्यों को बैठक में दी जानकारी।

## मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन

**बड़वानी।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी पर मद्य निषेध संकल्प दिवस आयोजित होगा। मादक दृव्यों तथा मदिरापान त्यागने के लिए संकल्प दिलाना एवं संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भराने का कार्य भी किया जाएगा। ताकि प्रदेश में नशामुक्ति का वातावरण तैयार किया जा सके। इस दौरान ऐसे कार्यक्रम किए जाए, जिसमें विद्यालय, महाविद्यालय, जिपं, जपं, ग्रापं, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं को शामिल करते हुए सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रंखला, पोस्टर प्रतियोगिताएं एवं नाटक, गीत, नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व सभाएं आयोजित कर मद्यनिषेध संकल्प के लिए वातावरण निर्मित किया जाए।

# सुविधाओं को लेकर रहवासी परेशान




**पानसेमल, (नवभारत)।** वार्ड 1 स्थित ओम शांति कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं नहीं होने से रहवासी परेशान हो रहे हैं। वर्तमान में ड्रेनेज लीकेज होने से गंदगी पसरी है। कॉलोनी में पीने के पाइप लाइन भी भूमिगत है, जिससे पेयजल में दूषित जल के मिलने का भय बना हुआ है। कॉलोनी में 20 से 25 परिवार रह रहे हैं।

राम सोनाने ने बताया कि आसपास गंदगी पसरी है, जिससे सांप और बिच्छू का भय बना हुआ है। कई बार शिकायत हो चुकी है, लेकिन समस्या समाधान नहीं हो पाया है। नगर परिषद उपयंत्री महेश अवास्या ने बताया कि कॉलोनी के मालिक रवि शर्मा को मौखिक रूप से बताया जा चुका है, लेकिन नाली और मार्ग निर्माण नहीं कराया गया। जिससे पानी निकासी नहीं हो पाई है। परिषद द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। समस्या का निराकरण कराया जाएगा। कॉलोनी वासियों ने नप सीएमओ संतराम चौहान से भी बात की।



## दिन दहाड़े हुई चोरी की वारदात, सीसीटीवी में कैद

**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर के वार्ड 12 में दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी ने नगदी व कीमती आभूषणों पर हाथ साफ किया। घटना संजय मित्तल के निवास पर हुई। बताया जा रहा है कि चोरी के समय घर पर ताला लगा था। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फरियादी के अनुसार घर में रखे नगदी एवं कीमती जेवर पर हाथ साफ किया। दिन दहाड़े वारदात को अंजाम देना बदमाश के बुलंद हौसले बता रहा है। वहीं घटना के बाद से व्यापारियों की मांग है कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। घटना में 2 लाख के आसपास नगदी रकम तथा कीमती जेवर चोरी होने की जानकारी दी गई है।



# सीएफटी शिविर के माध्यम से पेंशन हुई स्वीकृत

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 29 जनवरी.**
सीएफटी शिविर के माध्यम से दौंड़वाडा निवासी को पेंशन का लाभ मिला है, जिससे परिजनों ने सराहना की। सहायक आयुक्त सुरेश सावले ने बताया कि शासन के निर्देश पर कलेक्टर श्रीमती जयतीसिंह के मार्गदर्शन में अनुश्रवण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें 106 योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जा रहा है। हितग्राहियों के आवेदन लेकर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।



### लाभांवित परिवारों ने की प्रशंसा

लाभांवित होने वाले परिवारों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। उसी क्रम में ग्राम दौंडवाडा निवासी चंद्रकला रमेश खैरनार की सर्पदंश मृत्यु 2016 में हो गई थी। उसके 13 दिनों बाद उनके पति रमेश खैरनार की आकस्मिक मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिवार में 2 बालिकाओं और एक बालक की जिम्मेदारी उनके काका विनोद जीवन खैरनार पर आ गई। विनोद ने बच्चों को पाल पोस कर बढ़ा किया। एक दिव्यांग बालिका की वर्ष 2018 में 500 रुपए प्रतिमाह में पेंशन शुरू हुई। जिसके बाद चेतन खैरनार की पेंशन के लिए प्रयास किए, लेकिन पेंशन शुरू नहीं हो पाई।

### योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत

बुधवार को आयोजित सीएफटी शिविर में 4000 रुपए प्रतिमाह पेंशन अनुश्रवण शिविर के माध्यम से भारत सरकार की रिस्पोंसरर शिप योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत कराया।

### आभार व्यक्त किया

पेंशन स्वीकृत होने पर उनके काका ने शासन तथा कलेक्टर जयतीसिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सहकारिता अधिकारी राजेंद्र सिरसाठ, प्रबंधक प्रताप पवार, पंचायत सचिव विजय माली सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### 13 दिनों बाद पति की मौत

ग्राम दौंडवाडा निवासी चंद्रकला रमेश खैरनार की सर्पदंश मृत्यु 2016 में हो गई थी। उसके 13 दिनों बाद उनके पति रमेश खैरनार की आकस्मिक मृत्यु हो गई।

# संकल्प से समाधान शिविर में महापौर ने सुनी समस्याएं

- नागरिकों से बातचीत कर योजनाओं की जानकारी दी



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** आज नगर निगम के संकल्प से समाधान शिविर में महापौर ने जनता से समस्याओं और शिकायतें सुनी. महापौर ने आंगनवाड़ी भवन की अनुमति और जनता को शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में तुरंत समाधान और लाभ देने के निर्देश दिए. शिविर में महापौर ने उपस्थित नागरिकों से बातचीत कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी.

आज नगर निगम का वार्ड 32 में संकल्प से समाधान शिविर आयोजित किया गया. शिविर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नागरिकों से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार 12 जनवरी से 31 मार्च तक तीन चरणों में जन सुविधाएं और योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके द्वार आई है. उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ खासकर गरीब और जरूरतमंद तक पहुंचे. महापौर ने बताया कि वृद्धा पेंशन, कल्याणी योजना, संबल योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जैसी अनेक योजनाएं सरकार चला रही है. इसके साथ नल कनेक्शन, जल निकासी, बिल्डिंग परमिशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे नगर निगम के कामों को लेकर शिकायतों पर सुनवाई की. शिविर में महिलाओं ने आंगनवाड़ी भवन की अनुमति नहीं मिलने की समस्या रखी. महापौर ने जिला अधिकारी से फोन पर चर्चा की और तुरंत समाधान करने का कहा. शिविर में स्थानीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, सैन्य अधिकारी वर्मन, पार्षद पूजा पाटीदार, पार्षद मनोज मिश्रा, महापौर प्रतिनिधि महेंद्र ठाकुर, वार्ड 34 के पार्षद पति संजय चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे.

**सफाई व्यवस्था पर सख्त**

शिविर में रहवासियों ने सड़क सफाई और खाली प्लॉटों पर कचरा फेंके जाने की शिकायत भी की. इस पर महापौर ने सीएसआई को व्यवस्था दुरुस्त करने आदेश दिए. महापौर ने सीएसआई से कहा कि सड़कों पर सफाई कम नजर आ रही, जबकि आप अच्छा काम करते हैं. साथ ही खाली प्लॉटों पर कचरा डालने वालों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए.



## वेदपाठी बटुकों को नए वस्त्र व स्टेशनरी भेंट

इंदौर. जायंट्स ग्रुप ऑफ़ मालवा के तत्वावधान में नर्मदा किनारे स्थित माँ शरणम आश्रम पर नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय संस्था जायंट्स इंटरनेशनल की सेन्ट्रल कमिटी के सदस्य श्याम गोयल के मुख्य आतिथ्य में आश्रम के वेदपाठी विद्यार्थियों को नए वस्त्र एवं स्टेशनरी सामग्री भेंट की गई.

इस अवसर पर फेडरेशन काउंसिल मेम्बर रमणिक लाल सोनी, यूनिट डायरेक्टर अनिल व्यास, ग्रुप अध्यक्ष सुनील पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा सहित ग्रुप के सदस्यों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामग्री भेंट की. सामूहिक जायंट्स प्रार्थना भी की गई. अतिथियों का स्वागत चरणजीत सिंह एवं गुरजीत सिंह ने किया. आश्रम के अधिष्ठाता स्वामी शरणानंद महाराज का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया. इस अवसर पर नियमित सेवाएँ देने के लिए डॉ. प्रवीण शर्मा का सम्मान भी किया गया. ग्रुप के सचिव एमजी पारीख, श्रीमती शकुन गोयल, उमा व्यास, कामिनी पांडे, डॉ. के.एम. शर्मा, प्रफुल्ल उपाध्याय, डॉ. नरेन्द्र शर्मा ने भी डॉ. शर्मा का सम्मान किया. माँ नर्मदा को 101 फीट लंबी चुनरी समर्पण कर दीपदान एवं संगीतमय आरती तथा प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ. संचालन सुनील पांडे ने किया और आभार माना एमजी पारीख ने.

## पतन से बचने अहंकार को अपने पास नहीं फटकने दें : पं. शास्त्री

- भागवत कथा में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



इंदौर. सुख और दुख जीवन के क्रम हैं, जिनसे कोई भी बच नहीं सकता. संसार को दुखों का महासागर माना गया है. भगवान की सभी लीलाएं समाज के लिए कल्याणकारी होती हैं. इन लीलाओं को सृष्टि की रचना करने वाले ब्रम्हाजी भी नहीं समझ सकें, फिर हम सब तो साधारण मनुष्य हैं. भगवान के पास दुख नाम का कोई शब्द है ही नहीं. सुख और दुख हमारे अंतर्मन की उपज हैं. हमारी जितनी कामनाएं बढ़ेंगीं, उतना ही दुख भी बढ़ेगा. पतन से बचने के लिए अहंकार को कभी भी अपने पास फटकने नहीं देना चाहिए। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है.

जूनी इंदौर मुक्ति धाम सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में भागवताचार्य पं. श्याम सुंदर शास्त्री ने मंगलवार को उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. कथा शुभारम्भ के पूर्व आचार्य इंद्रानंद क्षोत्रिय, अशोक- संध्या सारडा, प. शांतिलाल व्यास, ओपी मालू, अरविन्द शर्मा, रामेश्वर कुमावत, प्रमोद खटोड़, प्रेम चौहान, ओमप्रकाश सोनकर, सहित अनेक भक्तों ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी गोविन्द राठी, अनिल राठौड़, रूपेश सोनगरा, मनोरमा शर्मा, सरस्वतीदेवी सहित सैकड़ों भक्तों ने की. कथा के दौरान भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव, बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग भी मनाए गए. मोक्ष धाम परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में पं. राजेश तिवारी एवं अन्य विद्वानों द्वारा भागवत का मूल पारायण भी किया जा रहा है। सोमवार को राष्ट्र वन्दना के पश्चात कथा प्रसंगानुसार राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव भी मनाए गए.

**एक नजर में** विद्याधम पर ललिताम्बा महायज्ञ की पूर्णाहुति 108 दीपों से हुई महाआरती

# सात क्विंटल फूलों से सजे पुष्प बंगले को निहारने उमड़े श्रद्धालु

**इंदौर. श्रीविद्याधाम पर सोमवार शाम विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार की मंगलध्वनि के बीच मां ललिता महात्रिपुर सुंदरी को तेरह किस्म के सात क्विंटल फूलों से श्रृंगारित पुष्प बंगले में निहारने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. मंदिर के सामने महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुतियों के बीच सुर-ताल पर थिरकते श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों का उत्साह देखने लायक था. समूचे आश्रम में भक्तिभाव के समंदर की हिलौरे उमड़ रही थी. इस दौरान बार-बार मां के जयघोष से विद्याधाम परिसर गुंजायमान बना रहा. 108 दीपों से महाआरती के साथ इस पुष्प बंगले के दर्शन प्रारंभ हुए जो मध्य रात्रि तक चलते रहे.**



श्री श्रीविद्याधाम के 31वें वार्षिक प्रकाशोत्सव के मुख्य दिवस पर सोमवार को भक्तों का अटूट सैलाब बना रहा. आश्रम के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पावन सानिध्य में सुबह स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद-वेदांग विद्यापीठ के 151 भूदेवों ने वैदिक संध्या, शोडषोपचार पूजन-अभिषेक, श्रृंगार आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ जैसे अनुष्ठान संपादित किए वहीं दोपहर में आचार्य पं. राजेश शर्मा सहित 51 विद्वानों द्वारा यज्ञशाला में चल रहे सग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में सवा लाख के लक्ष्य के मुकाबले दो लाख आहुतियां पूर्ण होने पर यज्ञ देवता के जयघोष से समूचा परिसर गूंज उठा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, चंदन तिवारी, रमेश पसारी, रमेशचंद्र राठौर सहित अनेक श्रद्धालु दिनभर विभिन्न अनुष्ठानों की व्यवस्थाएं संभाले रहे. शाम 6 बजे आश्रम के 11 आचार्यों ने महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 108 दीपें से महाआरती के बाद जैसे ही मंदिर के पट खोले गए, मां के नयनाभिराम पुष्प बंगले के दर्शनों के लिए प्रवेश द्वार से मंदिर तक भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' को भी पुष्प बंगले में विराजित किया गया था.

**देशी-विदेशी फूलों से महंका पुष्प बंगला**

रंगकर्मी दीपक कुसुमाकर और वृंदावन से आए दस कलाकारों द्वारा पिछले एक सप्ताह से सजाए जा रहे पुष्प बंगले में 13 किस्म के 7 हजार किलो फूलों से निर्मित मां पराम्बा भगवती एवं आश्रम स्थित सभी देवालयों के पुष्प श्रृंगार पूरे समय भक्तों मे आकर्षण के केन्द्र बने रहे. इन फूलों में कुंद, गुलाब, बिजली, आर्केड, गेंदा, डचगुलाब एवं थाईलैंड से बैंगलुरू के रास्ते इंदौर आए कार्नेशियन प्रजाति के फूलों का प्रयोग किया गया. आश्रम ट्रस्ट के पं. दिनेश शर्मा के अनुसार शाम से देर रात तक 20 हजार से अधिक भक्तों ने इस प्रकाशोत्सव में भागीदार बनकर पुण्य लाभ उठाया. मंगलवार को शाम 6 बजे से भगवती को 56 भोग समर्पण एवं दीपोत्सव के साथ इस प्रकाशोत्सव का सौल्लास समापन संपन्न हुआ.